कार्यालयः जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांकः स्था./389/2022/1195. दिनांकः 30/03/2026

–:: संशोधित आदेश ::–

माननीय अपीलीय प्राधिकारी, राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पारित विभागीय अपील सं. जी/आई/बी4(आई)(जे)/13/2020 में पारित आदेश दिनांकित 08.12.2025 की पालना में श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल के रीडर/शरिस्तेदार ग्रेड–II/कार्यालय सहायक के पद से रीडर/शरिस्तेदार ग्रेड–I के पद पर पूर्व में इस कार्यालय द्वारा जारी पदोन्नति आदेश क्रमांक स्था/460/2022/2671 दिनांक 13.05.2022 में आंशिक संशोधन करते हुए बिन्दू सं. 02 को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता हैः–

2. श्री अग्रवाल को उपरोक्त पदोन्नति से संबंधित समस्त वित्तीय लाभ उक्त पदोन्नति पद (रीडर/शरिस्तेदार ग्रेड–I) पर पदोन्नति दिनांक 06.12.2019 से देय होंगे।

शेष आदेश यथावत रहेगा।

उक्तानुसार श्री अग्रवाल को एरियर राशि का भुगतान किया जाकर उक्त का इन्द्राज कर्मचारी के सेवाभिलेख में किया जावें।

30.3.26

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांकः स्था./389/2022/1196. दिनांकः 30/03/2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा), जिला न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय
2. कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जयपुर शहर
3. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम–04, जयपुर महानगर–द्वितीय
4. संबंधित कर्मचारी श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल, रीडर/शरिस्तेदार ग्रेड–I
5. सिस्टम ऑफिसर को न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
6. आदेश पत्रावली/संबंधित पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

30.3.26

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय